Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## SOCIAL MEDICINE & COMMUNITY HEALTH

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# SOCIAL MEDICINE & COMMUNITY HEALTH

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

OMR Sheet No. : ............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________

(In words)

**D 8 1 1 3**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## SOCIAL MEDICINE & COMMUNITY HEALTH
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following is not a recommendation of a WHO study group 2011, for recording blood pressure ?
(A) Record B.P. in a sitting position
(B) Measure B.P. thrice over a period of atleast 3 minutes
(C) Take the average of three readings as correct B.P
(D) Use one arm consistently

**2.** Tobacco use is associated with all the following cancers except :
(A) Bladder (B) Liver
(C) Pancrease (D) Pharynx

**3.** Glycosylated haemoglobin is indicative of mean blood glucose levels during the past
(A) 2-3 days (B) 2-3 weeks
(C) 2-3 months (D) 2-3 years

**4.** Provision of concentrated solution of Vitamin A to every child from 9 months to 5 years of age as a prophylactic dose, every 6 monthly was supported by
(A) UNICEF (B) WHO
(C) UNDP (D) World Bank

**5.** What is meant by an exclusive breast feeding during first six months of Infancy ?
(A) Feeding only breast milk including colostrum
(B) Feeding only breast milk excluding colostrum
(C) Feeding breast milk and boiled water
(D) Feeding breast milk and sugar water

**6.** Pap smear test for women is currently recommended at
(A) every year in women aged more than 35 years.
(B) beginning of sexual activity and every year after that.
(C) beginning of sexual activity and every 3 years after that.
(D) every year in married women.

**7.** Exposure to radiation in mammography is
(A) more than 10 times higher radiation risk than M chest X-rays.
(B) same radiation risk as chest X-Ray.
(C) Lower radiation risk than a chest X-ray.
(D) No risk of radiation.

**8.** The follow up prescribed for a woman after IUCD insertation is
(A) every month for one year.
(B) after her first and third menstrual periods and 6 months after that.
(C) after her first menstrual period and 6 months after that.
(D) after three months and every month thereafter.

**9.** Special Newborn Care Unit (SNCU) should be there in
(A) any facility with more than 1000 deliveries per year.
(B) any facility with more than 1,000 deliveries per month.
(C) any facility with more than 3000 deliveries per month.
(D) any facility with more than 3000 deliveries per year.

**10.** The level at which increase in knowledge is brought about by communication is known as
(A) Cognitive domen
(B) Affective domen
(C) Psychomotor domen
(D) Social domen



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# सामाजिक औषधि एवं सामुदायिक स्वास्थ्य

**प्रश्नपत्र – II**

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** निम्नलिखित में से विश्व स्वास्थ्य संगठन के अध्ययन समूह 2011, की ब्लड प्रेशर मापने के सम्बन्ध में कौन सी सिफारिश नहीं है ?

(A) बैठने की मुद्रा में ब्लड प्रेशर लिया जाए ।

(B) ब्लड-प्रेशर को तीन बार लिया जाए, ऐसा तीन मिनट में किया जाए ।

(C) तीन बार लिए गए ब्लड प्रेशर की औसत को सही ब्लड प्रेशर माना जाए ।

(D) ब्लड प्रेशर लेते समय निरन्तर केवल एक बाहु का ही प्रयोग किया जाए ।

**2.** तम्बाकू का प्रयोग निम्नलिखित में से एक कैंसर के सिवाय सभी से सम्बन्धित है :

(A) ब्लेडर

(B) जिगर

(C) पैन्क्रियाज़ (अग्न्याशय)

(D) फैटिरिंग्स (ग्रसनी)

**3.** ग्लाईकोसाइलेटिड हीमोग्लोबिन माध्य रक्त ग्लूकोज स्तर का पिछले कितने दिनों का संकेतक है ?

(A) 2 – 3 दिन (B) 2 – 3 सप्ताह

(C) 2 – 3 मास (D) 2 – 3 वर्ष

**4.** 9 महीनों से 5 वर्ष के बच्चों को प्रत्येक छ: महीनों में रोग निरोधी खुराक के रूप में विटामिन ए की सांद्रित घोल देने का समर्थन किया था

(A) यूनिसेफ (B) डब्ल्यू एच ओ

(C) यू एन डी पी (D) विश्व बैंक

**5.** शिशु काल के प्रथम छ: मास के दौरान एक मात्र स्तनपान से अभिप्राय है

(A) केवल स्तनपान, जिसमें कोलोस्ट्रम शामिल है ।

(B) केवल स्तनपान जिसमें कोलोस्ट्रम शामिन नहीं है ।

(C) स्तनपान और उबला हुआ पानी लेना ।

(D) स्तनपान और चीनी वाला पानी लेना ।

**6.** महिलाओं के लिए पैप स्मीयर टेस्ट की वर्तमान में किस आयु पर सिफारिश की जाती है ?

(A) 35 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिए प्रति वर्ष ।

(B) यौन सम्बन्धों को प्रारम्भ करने और उसके पश्चात् प्रति वर्ष ।

(C) यौन सम्बन्ध के प्रारम्भ में और उसके पश्चात् प्रति 3 वर्ष ।

(D) विवाहित महिला के लिए प्रतिवर्ष ।

**7.** मैमोग्राफी में विकीर्ण के सामने जाने से होता है

(A) एम चेस्ट एक्स-रे से होने वाले जोखिम से 10 गुने से अधिक विकीर्ण जोखिम ।

(B) चेस्ट एक्स-रे के बराबर विकीर्ण जोखिम ।

(C) चेस्ट एक्स-रे से कम विकीर्ण जोखिम ।

(D) विकीर्ण का कोई जोखिम नहीं ।

**8.** आई.यू.सी.डी. के अंत:स्थापन के बाद महिला के लिए बाद में जाँच कराने की निर्धारित अवधि

(A) एक वर्ष तक प्रति माह

(B) उसके पहले और तीसरे मासिक धर्म के बाद और उसके बाद 6 माह में

(C) उसके पहले मासिक धर्म के बाद उसके बाद 6 माह में

(D) तीन माह के बाद और उसके बाद प्रति माह

**9.** नवजात शिशु के विशेष देखभाल यूनिट (एस.एन.सी.यू.) में

(A) 1000 प्रसव प्रति वर्ष वाली सुविधा होनी चाहिए ।

(B) 1000 प्रसव प्रति माह से अधिक प्रसव वाली सुविधा होनी चाहिए ।

(C) 3000 प्रसव प्रति माह से अधिक प्रसव वाली सुविधा होनी चाहिए ।

(D) 3000 प्रसव प्रति वर्ष से अधिक प्रसव वाली सुविधा होनी चाहिए ।

**10.** संप्रेषण के द्वारा ध्यान में लाए गए ज्ञान में वृद्धि के स्तर को कहते हैं

(A) संज्ञान डोमेन

(B) प्रभावी डोमेन

(C) मन:प्रेरक डोमेन

(D) सामाजिक डोमेन



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** Which of the following vaccines are given at birth in India as per National Immunization schedule ?

I. BCG II. OPV

III. Hepatitis-B IV. Hepatitis-A

(A) I, II, III are correct.
(B) II, III, IV are correct.
(C) I, II, IV are correct.
(D) III, IV, I are correct.

**12.** Following are the asymmetrical frequency distributions :

I. Skewed distribution
II. Normal distribution
III. Bimodal distribution
IV. 'J' shaped distribution

(A) I, II, III are correct.
(B) I, III, IV are correct.
(C) II, III, IV are correct.
(D) I, II, IV are correct.

**13.** Which of the following are true regarding point source epidemic ?

I. All cases occur abruptly and simultaneously.
II. Children are most commonly affected.
III. Occurs with a specified incubation period.
IV. The epidemic curve rises and falls rapidly.

(A) I, III, IV are correct.
(B) II, III, IV are correct.
(C) II, III are correct.
(D) I, II are correct.

**14.** Which of the following prevalence criteria are used to determine the problem of xerophthalmia in children aged 6 months to 6 years :

I. Night blindness more than 1%
II. Bitots spots more than 0.05%
III. Corneal xerosis more than 0.01%
IV. Serum retinol (less than 10 mcgldl) more than 5%

(A) II, III, IV are correct.
(B) I, III, IV are correct.
(C) I, II are correct.
(D) II, III are correct.

**15.** Which of the following are true about Anopheles mosquitoes ?

I. Eggs boat shaped and pointed with parallel floats.
II. Larvae rest parallel to water surface
III. Larvae have siphon tubes.
IV. Wings of adult are spotted

(A) I, III are correct.
(B) II, III are correct.
(C) II, III, IV are correct.
(D) I, II, IV are correct.

**16.** Which of the following are means of primary prevention of Hypertension ?

I. Dietary changes
II. Cessation of smoking
III. Early diagnosis
IV. Regular physical exercise

(A) I, II, IV
(B) I, III, IV
(C) II, III
(D) III, IV

**17.** Which of the following statements are correct about assessment of growth and development in children ?

I. Mean rather than median is used because of a skewed distribution of most of the anthropometric measurements.
II. A variation of 25 D from either side of the mean is considered as normal.
III. Normal children fall between 3rd and 97th percentile.
IV. Percentiles refer to the percentage of individuals falling above a particular level.

(A) II and III are correct.
(B) I and II are correct.
(C) II and IV are correct.
(D) I, II and III are correct.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** राष्ट्रीय प्रतिरक्षीकरण अनुसूची के अनुसार भारत में जन्म के समय निम्नलिखित में से कौन सा टीका लगाया जाता है ?

I. बी.सी.जी. II. ओ.पी.वी.

III. हिपेटाइटिस-बी IV. हिपेटाइटिस-ए

(A) I, II, III सही हैं ।

(B) II, III, IV सही हैं ।

(C) I, II, IV सही हैं ।

(D) III, IV, I सही हैं ।

**12.** निम्नलिखित एसेमेट्रिकल आवृत्ति वितरण हैं :

I. स्क्यूड वितरण

II. सामान्य वितरण

III. द्विबहुलक वितरण

IV. जे आकार का वितरण

(A) I, II, III सही हैं ।

(B) I, III, IV सही हैं ।

(C) II, III, IV सही हैं ।

(D) I, II, IV सही हैं ।

**13.** निम्नलिखित में से महामारी उगमन बिन्दु के सम्बन्ध में सही हैं :

I. सभी केस अचानक और एक ही साथ घटित हो जाते हैं ।

II. बच्चे सर्वाधिक प्रभावित होते हैं ।

III. एक विशिष्ट उद्भवन काल के पश्चात घटित होता है ।

IV. महामारी वक्र तेज़ी से चढ़ता तथा गिरता है ।

(A) I, III, IV सही हैं ।

(B) II, III, IV सही हैं ।

(C) II, III सही हैं ।

(D) I, II सही हैं ।

**14.** 6 मास से 6 वर्ष के बच्चों में जिरौफ्थालमिया की समस्या के निर्धारण करने में निम्नलिखित प्रचलित कसौटियों में से किनका प्रयोग किया जाता है ?

I. 1% से अधिक अंरतौंधी

II. 0.05% से अधिक बिटॉट स्पाट

III. 0.01% से अधिक कोर्नियल जिरोसिस

IV. 5% से अधिक में (10 mcgldl से कम) सीरम रेटिनाल का होना

(A) II, III, IV सही हैं ।

(B) I, III, IV सही हैं ।

(C) I, II सही हैं ।

(D) II, III सही हैं ।

**15.** एनाफिलिस मच्छर के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

I. इसके अंडे नौका के आकार के होते हैं और वे समांतर प्लवक सहित नोकदार होते हैं ।

II. लारवा पानी के सतह पर समांतर पड़े रहते हैं ।

III. लारवा की साइफन ट्यूब होती है ।

IV. वयस्क के पंख धब्बेदार होते हैं ।

(A) I, III सही हैं ।

(B) II, III सही हैं ।

(C) II, III, IV सही हैं ।

(D) I, II, IV सही हैं ।

**16.** निम्नलिखित में से कौन सा उच्च रक्तचाप की आरंभिक रोकथाम का तरीका है ?

I. आहार में परिवर्तन

II. धूम्रपान बंद करना

III. शीघ्र निदान

IV. नियमित शारीरिक व्यायाम

(A) I, II, IV

(B) I, III, IV

(C) II, III

(D) III, IV

**17.** बच्चों की संवृद्धि और विकास के मूल्यांकन के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

I. मध्य की बजाय माध्य का उपयोग किया जाता है क्योंकि अधिकांश नृ-मापन का स्क्यूड वितरण किया जाता है ।

II. माध्य के दोनों तरफ से 25 डी के अंतर को सामान्य समझा जाता है ।

III. सामान्य बच्चे 3 से 97 शतमक के बीच होते हैं ।

IV. शतमक से तात्पर्य स्तर विशेष के ऊपर आने वाले बच्चों की प्रतिशतता से है ।

(A) II और III सही हैं ।

(B) I और II सही हैं ।

(C) II और IV सही हैं ।

(D) I, II और III सही हैं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

18. Which of the following statements are correct about epidemiological assessment iodine deficiency ?

I. Urinary iodine excretion is recommended.

II. Neonatal hypothyroidism has been found to be a sensitive indicator for environmental iodine deficiency.

III. Serum $T_3$ level is a more sensitive indicator of thyroid insufficiency than $T_4$.

IV. Prevalence of cretinism is a recommended indicator.

(A) I and III are correct.
(B) III and IV are correct.
(C) I, II and IV are correct.
(D) I, II and III are correct.

19. Which of the following organs are affected among cancers attributed to occupational exposure ?

I. Lung
II. Breast
III. Bladder
IV. Liver

(A) II, III & IV are correct.
(B) I, III & IV are correct.
(C) I & II are correct.
(D) II & IV are correct.

20. Which of the following methods are accepted methods of randomisation ?

I. Lottery method
II. Table of Random Numbers
III. Computer program for randomisation
IV. Odd-even day randomisation

(A) I, II & III are correct.
(B) II, III & IV are correct.
(C) III & IV are correct.
(D) II & IV are correct.

Given below (**21** to **30**) consists of 2 paired statements, statement A (Assertion) and statement R (Reason). Select appropriate answer using the codes given below as follow :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

21. **Assertion (A) :** The W.H.O. expanded programme on immunization recommends measles vaccination at 9 months of age.

**Reason (R) :** Measles tends to be very severe in malnourished children.

22. **Assertion (A) :** Sickness benefit under the E.S.I. Act consists of periodical cash payment to an insured person in case of sickness, if his sickness is duly certified by an Insurance Medical Practitioner.

**Reason (R) :** Sickness benefit is payable for a maximum period of 180 days in any continuous period of 365 days.

23. **Assertion (A) :** Information from persons testing positive for HIV at the (ICTCs) Integrated Counselling and Testing Centres across the country during 2011-12 shows that 88.2% of HIV infections are transmitted through heterosexual route of transmission.

**Reason (R) :** Sexual mode of transmission is the most efficient mode of HIV transmission.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**18.** आयोडीन की कमी के जानपदिक मूल्यांकन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

I. मूत्र में आयोडीन के आयास की अनुशंसा की जाती है ।

II. नवजात अवटु अल्पक्रियता, पर्यावरणीय आयोडीन कमी का संवेदी सूचक पाया गया है ।

III. टी$_4$ की तुलना में सीरम टी$_3$ का स्तर अवटु का अधिक संवेदी सूचक है ।

IV. क्रेटिनता की विद्यमानता एक अनुशंषित सूचक है ।

(A) I और III सही हैं ।

(B) III और IV सही हैं ।

(C) I, II और IV सही हैं ।

(D) I, II और III सही हैं ।

**19.** व्यावसायिक प्रकटन के कारण कैंसर में निम्नलिखित में से कौन से अंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ?

I. फुफ्फुस II. वक्ष

III. मूत्राशय IV. यकृत

(A) II, III और IV सही हैं ।

(B) I, III और IV सही हैं ।

(C) I और II सही हैं ।

(D) II और IV सही हैं ।

**20.** निम्नलिखित विधियों में से यादृच्छिकता की कौन सी विधियाँ स्वीकार की जाती हैं ?

I. लॉटरी विधि

II. यादृच्छिक संख्याओं की तालिका

III. यादृच्छीकरण के लिए कम्प्यूटर कार्यक्रम

IV. विषम-सम दिनों का यादृच्छीकरण

(A) I, II और III सही हैं ।

(B) II, III और IV सही हैं ।

(C) III और IV सही हैं ।

(D) II और IV सही हैं ।

नीचे (**21** से **30** तक) कथनों के 2 युग्म दिए गए हैं । कथन (A) (अभिकथन) और कथन (R) (तर्क) है । नीचे दिए कूट का उपयोग करते हुए समुचित उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**21.** **अभिकथन (A) :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिरक्षीकरण संबंधी विस्तारित कार्यक्रम में 9 माह की आयु में खसरे के टीके की अनुशंसा की गई है ।

**तर्क (R) :** कुपोषित बच्चों को बहुत गंभीर खसरा होता है ।

**22.** **अभिकथन (A) :** कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अधीन बीमारी के मामले में बीमित व्यक्ति को आवधिक रूप से नकद अदायगी की जाती है, बशर्ते कि उसकी बीमारी को बीमा चिकित्सा व्यवसायी द्वारा विधिवत् प्रमाणित किया गया हो ।

**तर्क (R) :** 365 दिन की किसी सतत अवधि में बीमारी का लाभ अधिकतम 180 दिन के संबंध में देय होता है ।

**23.** **अभिकथन (A) :** वर्ष 2011-2012 के दौरान पूरे देश में एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र (आई.सी.टी.सी.एस.) पर एच आई वी के सकारात्मक परीक्षण व्यक्तियों से प्राप्त सूचना से पता चलता है कि 88.2 प्रतिशत एच आई वी संक्रमण इतर लैंगिक संबंधों के संचारण के माध्यम से संचारित होता है ।

**तर्क (R) :** एच.आई.वी. संचारण का सर्वाधिक दक्ष प्रकार लैंगिक संचारण है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

24. **Assertion (A) :** Frank cases of beri-beri were commonly seen in coastal districts of Andhra Pradesh where people eat highly polished rice.

**Reason (R) :** Thiamine is readily cost from rice during the process of milling. Further losses take place during washing and cooking.

25. **Assertion (A) :** Mild and Moderate cases of Protein Energy Malnutrition constitute 20% of malnutrition cases in India.

**Reason (R) :** Maintaining growth chart is the most practical method to detect Protein Energy Malnutrition (P.E.M.) early.

26. **Assertion (A) :** Objectives and targets are not synonymous.

**Reason (R) :** Objectives are concerned with the problem itself whereas targets refer to degree of achievement of a discrete activity.

27. **Assertion (A) :** Integrated Rural Development Program (I.R.D.P.) is aimed at attacking poverty and improve the quality of life of rural people.

**Reason (R) :** Cash incentives are given to all people below poverty line.

28. **Assertion (A) :** Panchayat Raj Institution is a rural local self government in India.

**Reason (R) :** MPs and M.L.A.s in the district are members of Zilla parishad.

29. **Assertion (A) :** All the waste produced by the Health Care Institutions is infectious.

**Reason (R) :** The waste produced in the course of health care activities carries the risk of infection and injury to the biomedical waste handlers.

30. **Assertion (A) :** Quarantine which can once a popular method of disease control has now become outdated.

**Reason (R) :** Quarantine measures are not applied to ship or aircraft also.

31. Arrange the following diseases in the chronological order of the year of their elimination / eradication in India :

(A) Yaws, Smallpox, Dracunculiasis, Poliomyelitis
(B) Smallpox, Dracunculiasis, Yaws, Poliomyelitis
(C) Smallpox, Yaws, Dracunculiasis, Poliomyelitis
(D) Dracunculiasis, Smallpox, Yaws, Poliomyelitis

32. Arrange the following vaccines in descending order of their protective efficiency :

(A) Tetanus, Pertussis, BCG, Diphtheria
(B) Pertussis, Diphtheria, BCG, Tetanus
(C) Tetanus, BCG, Diphtheria, Pertussis
(D) Tetanus, Diphtheria, Pertussis, BCG

33. Arrange the following states in ascending order of their female literacy levels as per 2011 census :

(A) Rajasthan, Maharashtra, Himachal Pradesh, Kerala
(B) Maharashtra, Rajasthan, Himachal Pradesh, Kerala
(C) Himachal Pradesh, Rajasthan, Maharashtra, Kerala
(D) Rajasthan, Himachal Pradesh, Maharashtra, Kerala

34. Identify the correct ascending order of the following countries according to their Maternal Mortality Rate / 1,00,000 population as reported in the year 2010 :

(A) Sri Lanka, Singapore, Pakistan, India
(B) Singapore, Sri Lanka, India, Pakistan
(C) Sri Lanka, Singapore, India, Pakistan
(D) Singapore, Sri Lanka, Pakistan, India



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

24. **अभिकथन (A) :** बेरी-बेरी के स्पष्ट मामले आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों में देखे गए हैं, जहाँ लोग अति पालिश किए गए चावल खाते हैं ।

**तर्क (R) :** मिलिंग प्रक्रिया के दौरान चावल से थायमिन तत्काल निकल जाता है । इसके अलावा धुलाई और पकाई के दौरान यह और भी निकल जाता है ।

25. **अभिकथन (A) :** प्रोटीन ऊर्जा के कुपोषण के हल्के और मध्यम मामले भारत में कुपोषण के मामलों के 20 प्रतिशत हैं ।

**तर्क (R) :** प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण (पी.ई.एम.) का शीघ्र पता लगाने के लिए संवृद्धि चार्ट को रखना अत्यधिक व्यावहारिक विधि है ।

26. **अभिकथन (A) :** उद्देश्य और लक्ष्य एक दूसरे के पर्याय नहीं हैं ।

**तर्क (R) :** उद्देश्य समस्या से ही सम्बद्ध है, जबकि लक्ष्य से तात्पर्य अलग-अलग क्रियाकलाप की उपलब्धि की मात्रा से है ।

27. **अभिकथन (A) :** एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई.आर.डी.पी.) का उद्देश्य गरीबी भगाना और ग्रामीण लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है ।

**तर्क (R) :** गरीबी रेखा से नीचे के सभी लोगों को नकद प्रोत्साहन दिया जाता है ।

28. **अभिकथन (A) :** पंचायती राज संस्था भारत में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन है ।

**तर्क (R) :** जिले के संसद सदस्य और विधायक जिला परिषद के सदस्य होते हैं ।

29. **अभिकथन (A) :** स्वास्थ्य देखभाल संस्थाओं द्वारा उत्पादित सभी अपशिष्ट संक्रामक होता है ।

**तर्क (R) :** स्वास्थ्य देखभाल संबंधी क्रियाकलापों के दौरान उत्पादित अपशिष्ट में संक्रमण का जोखिम होता है और यह जैवचिकित्सा अपशिष्ट के रखरखाव से जुड़े लोगों के लिए खतरनाक होता है ।

30. **अभिकथन (A) :** संगरोध, जो कभी रोग नियंत्रण की प्रचलित विधि थी, अब अप्रचलित हो गई है ।

**तर्क (R) :** संगरोध उपाय जहाज अथवा हवाई जहाज में नहीं अपनाया जाता है ।

31. निम्नलिखित रोगों को भारत में उनके समाप्ति/उन्मूलन के वर्षों के कालक्रम में लगाइए :
    (A) यौज़, बड़ी माता, नहरुवा, पोलियो
    (B) बड़ी माता, नहरुवा, यौज़, पोलियो
    (C) बड़ी माता, यौज़, नहरुवा, पोलियो
    (D) नहरुवा, बड़ी माता, यौज़, पोलियो

32. निम्नलिखित टीकों को उनकी प्रतिरक्षा दक्षता के अवरोही क्रम में लगाइए :
    (A) टेटेनस, काली खांसी, बी.सी.जी., डिफ्थीरिया
    (B) काली खांसी, डिफ्थीरिया, बी.सी.जी., टेटेनस
    (C) टेटेनस, बी.सी.जी., डिफ्थीरिया, काली खांसी
    (D) टेटेनस, डिफ्थीरिया, काली खांसी, बी.सी.जी.

33. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को उनके महिला साक्षरता स्तरों के आरोही क्रम में लगाइए :
    (A) राजस्थान, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, केरल
    (B) महाराष्ट्र, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, केरल
    (C) हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल
    (D) राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल

34. वर्ष 2010 में रिपोर्ट हुए प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर मातृ मृत्युदर के अनुसार निम्नलिखित को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
    (A) श्रीलंका, सिंगापुर, पाकिस्तान, भारत
    (B) सिंगापुर, श्रीलंका, भारत, पाकिस्तान
    (C) श्रीलंका, सिंगापुर, भारत, पाकिस्तान
    (D) सिंगापुर, श्रीलंका, पाकिस्तान, भारत



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**35.** Identify the correct chronological order of the following disease causing agents according to their discovery :

(A) Hepatitis C Virus, Rotavirus, Corona Virus (SARs), Helicobacter Pylori

(B) Helicobacter Pylori, Rotavirus, Corona Virus (SARs), Hepatitis C Virus

(C) Rotavirus, Helicobacter Pylori, Hepatitis C Virus, Corona Virus (SARs)

(D) Rotavirus, Hepatitis C Virus, Corona Virus (SARs), Helicobacter Pylori

**36.** Arrange the topics mentioned below related to the themes of World Health Day in chronological order :

(A) Urbanization and Health, Antimicrobial resistance, Longivity and quality of life, Healthy blood pressure.

(B) Urbanization and Health, Longevity and quality of life, Healthy blood pressure, Antimicrobial resistance

(C) Longivity and quality of life, Healthy blood pressure, Antimicrobial resistance, Urbanization and Health

(D) Healthy blood pressure, Urbanization and Health, Longivity and quality of life, Antimicrobial resistance

**37.** Arrange the following ionizing radiations in descending order of their penetrating power in tissues :

(A) Gamma rays, Alpha particles, Beta particles, X-rays

(B) Beta particles, X-rays, Alpha particles, Gamma rays

(C) X-rays, Gamma rays, Alpha particles, Beta particles

(D) Gamma rays, X-rays, Beta particles, Alpha particles.

**38.** Arrange the following interventions and strategies of malaria control in India, in ascending order of the year of their implementation :

(A) Indoor residual spraying, Pre-referral treatment with recommended medicines, Insecticide treated nets distributed free of cost, Rapid diagnostic tests used at community level

(B) Insecticide treated nets distributed free of cost, Pre-referral treatment with recommended medicines, indoor residual spraying, rapid diagnostic tests used at community level

(C) Indoor residual spraying, Insecticide treated nets distributed free of cost, Pre-referral treatment with recommended medicines, rapid diagnostic tests used at community level

(D) Indoor residual spraying, Rapid diagnostic tests used at community level, Pre-referral treatment with recommended medicines, Insecticide treated nets distributed free of cost

**39.** Arrange the following milks from various sources in descending order of their energy (Kcal) content :

(A) Goat, cow, human, buffalo

(B) Buffalo, goat, cow, human

(C) Human, goat, buffalo, cow

(D) Buffalo, cow, goat, human

**40.** Arrange the following modes of transmission of HIV/AIDS in ascending order of their efficiency of transmission :

(A) Intravenous drug use, Mother to child transmission, Sexual transmission, Blood transfusion

(B) Mother to child transmission, Intravenous drug use, Sexual transmission, Blood transfusion

(C) Sexual transmission, Mother to child transmission, Intravenous drug use, Blood transfusion.

(D) Sexual transmission, Intravenous drug use, Mother to child transmission, Blood transfusion



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

35. निम्नलिखित रोगों को उनके कारकों के एजेंटों की पहचान होने के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
(A) हैपाटाइटस सी. विषाणु, रोटावाइरस, कोरोना विषाणु (एस.ए.आर.एस.), हेलिको-बेक्टर पैलोरी
(B) हेलिको-बेक्टर पैलोरी, रोटावाइरस, कोरोना विषाणु (एस.ए.आर.एस.), हैपाटाइटस सी. विषाणु
(C) रोटावाइरस, हेलिको-बेक्टर पैलोरी, हैपाटाइटस सी. विषाणु, कोरोना विषाणु (एस.ए.आर.एस.)
(D) रोटावाइरस, हैपाटाइटस सी. विषाणु, कोरोना विषाणु (एस.ए.आर.एस.), हेलिको-बेक्टर पैलोरी

36. विश्व स्वास्थ्य दिवस से संबंधित निम्नलिखित विषयों को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
(A) नगरीकरण एवं स्वास्थ्य, सूक्ष्म जैविक विरोधी प्रतिरोध, जीवन की दीर्घता एवं गुणवत्ता, स्वस्थ रक्तचाप
(B) नगरीकरण एवं स्वास्थ्य, जीवन की दीर्घता एवं गुणवत्ता, स्वस्थ रक्तचाप, सूक्ष्म जैविक विरोधी प्रतिरोध
(C) जीवन की दीर्घता एवं गुणवत्ता, स्वस्थ रक्तचाप, सूक्ष्म जैविक विरोधी प्रतिरोध, नगरीकरण एवं स्वास्थ्य
(D) स्वस्थ रक्तचाप, नगरीकरण एवं स्वास्थ्य, जीवन की दीर्घता एवं गुणवत्ता, सूक्ष्म जैविक विरोधी प्रतिरोध

37. निम्नलिखित आयनकारी विकिरणों को ऊतकों में प्रवेशी शक्ति के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(A) गामा किरणें, अल्फा अणु, बीटा अणु, एक्स-रे
(B) बीटा अणु, एक्स-रे, अल्फा अणु, गामा किरणें
(C) एक्स-रे, गामा किरणें, अल्फा अणु, बीटा अणु
(D) गामा किरणें, एक्स-रे, बीटा अणु, अल्फा अणु

38. भारत में मलेरिया नियंत्रण की हस्तक्षेपीय कार्यप्रणाली और कार्यनीति को उनके लागू होने के वर्ष के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(A) आन्तरिक अवशिष्ट छिड़काव, पूर्व संदर्भित सिफारिशशुदा औषधियों सहित उपचार, कीटाणु संसादित जालियों का नि:शुल्क वितरण, समुदाय स्तर पर त्वरित निदान के परीक्षणों का प्रयोग
(B) कीटाणु संसादित जालियों का नि:शुल्क वितरण, पूर्व संदर्भित सिफारिशशुदा औषधियों सहित उपचार, आन्तरिक अवशिष्ट छिड़काव, समुदाय स्तर पर त्वरित निदान के परीक्षणों का प्रयोग
(C) आन्तरिक अवशिष्ट छिड़काव, कीटाणु संसादित जालियों का नि:शुल्क वितरण, पूर्व संदर्भित सिफारिशशुदा औषधियों सहित उपचार, समुदाय स्तर पर त्वरित निदान के परीक्षणों का प्रयोग
(D) आन्तरिक अवशिष्ट छिड़काव, समुदाय स्तर पर त्वरित निदान के परीक्षणों का प्रयोग, पूर्व संदर्भित सिफारिशशुदा औषधियों सहित उपचार, कीटाणु संसादित जालियों का नि:शुल्क वितरण

39. विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध निम्नलिखित दूधों को उनसे प्राप्य ऊर्जा (किलो केलरी) के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(A) बकरी, गाय, मानव, भैंस
(B) भैंस, बकरी, गाय, मानव
(C) मानव, बकरी, भैंस, गाय
(D) भैंस, गाय, बकरी, मानव

40. एच.आई.वी./एड्स के निम्नलिखित संचारण माध्यमों को उनकी प्रभावक्षमता के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(A) अन्त:शिरा मादक द्रव्य प्रयोग, माता से बच्चे को संक्रमण, यौन सम्बंधी संक्रमण, रुधिर संचरण
(B) माता से बच्चे को संक्रमण, अन्त:शिरा मादक द्रव्य प्रयोग, यौन सम्बंधी संक्रमण, रुधिर संचरण
(C) यौन सम्बंधी संक्रमण, माता से बच्चे को संक्रमण, अन्त:शिरा मादक द्रव्य प्रयोग, रुधिर संचरण
(D) यौन सम्बंधी संक्रमण, अन्त:शिरा मादक द्रव्य प्रयोग, माता से बच्चे को संक्रमण, रुधिर संचरण



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**Questions 41 to 50** are matching items. This consist of two lists of statements, terms or symbols and candidate has to match an item in List – I with an item in the List – II :

**41.**

| **List – I (Agency)** | **List – II (Assistance in India)** |
|---|---|
| a. Rockefeller foundation | i. Designing and construction of hand flushed sanitary latrines. |
| b. SIDA | ii. Supporting the National Blindness Control Programme |
| c. DANIDA | iii. Supporting the National Tuberculosis Control Programme |
| d. Ford Foundation | iv. Setting up the field demonstration area with AIIMS |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**42.**

| **List – I (Pneumo-Coniosis)** | **List – II (Dust)** |
|---|---|
| a. Farmer's Lung | i. Coal |
| b. Bagassosis | ii. Grain |
| c. Byssinosis | iii. Cotton |
| d. Anthracosis | iv. Sugar cane |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | ii | iv | iii | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**43.**

| **List – I (Type of Food Poisoning)** | **List – II (Symptoms)** |
|---|---|
| a. Salmonella | i. Sudden onset with vomiting and abdominal cramps |
| b. Staphylococcal | ii. Diarrhoea, abdominal pain, no fever and little vomiting |
| c. Botulism | iii. Sudden on set with chills, fever, nausea and vomiting |
| d. Bacillus cereus | iv. Dysphagia, diplopia, ptosis and blurring of vision |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | iv | i |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**44.**

| **List – I (Committee)** | **List – II (Purpose)** |
|---|---|
| a. Modhok | i. Basic health workers' norms |
| b. Chadha | ii. Minimum additional staff for PHCs |
| c. Mukherjee | iii. Multipurpose Health Workers |
| d. Kartar Singh | iv. Malaria Eradication Programme |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | ii | iii | i | ii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**निर्देश** : प्रश्न **41** से **50** सुमेलन मद हैं । इनमें कथनों, पदों अथवा प्रतीकों की दो सूचियाँ हैं, आपको सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित करना है ।

**41.** **सूची – I (एजेंसी)** — **सूची – II (भारत में उपलब्ध सहायता)**

a. रॉकफैलर फाउंडेशन — i. हैंड फ्लशड स्वच्छ शौचालयों को डिज़ाइन और निर्माण करना ।

b. सीडा (एस.आई.डी.ए.) — ii. राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम में सहायता

c. डेनिडा (डी.ए.एन.आई.डी.ए.) — iii. राष्ट्रीय तपेदिक नियंत्रण कार्यक्रम में सहायता

d. फोर्ड फाउंडेशन — iv. AIIMS के साथ फील्ड प्रदर्शन क्षेत्र स्थापित करना

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**42.** **सूची – I (न्यूमोकोनिओसिस)** — **सूची – II (धूलि)**

a. फार्मर’स लंग — i. कोयला

b. बागास्सोसिस — ii. अनाज

c. बिसिनोसिस — iii. कपास

d. ऐंथ्राकोसिस — iv. गन्ना

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | ii | iv | iii | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**43.** **सूची – I (भोजन की विषाक्तता का प्रकार)** — **सूची – II (लक्षण)**

a. सालमोनेला — i. आकस्मिक उलटियों का लगना और उदर में ऐंठन होना ।

b. स्टेफिलोकोकल — ii. दस्त और उदर में दर्द, बुखार नहीं और थोड़ी सी उलटियाँ

c. बोटुलिज़्म — iii. आकस्मिक ठण्ड, बुखार, मतली और उलटियाँ होना ।

d. बेसिलस सीरयस — iv. निगलने में कठिनाई, एक के स्थान पर दो का दिखना, पलकों का गिरना दृष्टि का धुंधला होना ।

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | iv | i |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**44.** **सूची – I (कमेटी)** — **सूची – II (प्रयोजन)**

a. मधोक — i. मूल स्वास्थ्य वर्क’स मानक

b. चड्‌दा — ii. पी.एच.सी. के लिए अतिरिक्त न्यूनतम कर्मचारी

c. मुखर्जी — iii. बहु-प्रयोजनीय स्वास्थ्य वर्कर

d. करतारसिंह — iv. मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | ii | iii | i | ii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

45. **List – I (Health Related Millennium Development Goal Number )** / **List – II (Goal)**

a. Goal 1 — i. Combat HIV/AIDS Malaria
b. Goal 5 — ii. Ensure environmental sustainability
c. Goal 6 — iii. Eradicate extreme poverty and hunger
d. Goal 7 — iv. Improve Maternal Health

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |

46. **List – I (Mendelian Diseases)** / **List – II (Mode of inheritance)**

a. Achondro-plasia — i. Sex linked recessive
b. Albinism — ii. Autosomal recessive
c. G6 PD Deficiency — iii. Sex linked dominant
d. Vit. D resistant Rickets — iv. Autosomal dominant

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | ii | iv | iii | i |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

47. **List – I (Measures of a screening test)** / **List – II (Quality)**

a. Sensitivity — i. Diagnosis of previously undiagnosed disease
b. Specificity — ii. Diagnostic power of the test
c. Predictive accuracy — iii. Ability to detect true negatives
d. Yield — iv. Ability to detect true positives

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

48. **List – I (Instruments)** / **List – II (Measures)**

a. Sling Psychrometer — i. Radiant temperature
b. Kata thermometer — ii. Air velocity
c. Globe Thermometer — iii. Humidity
d. Anemometer — iv. Cooling power

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iii | iv | i | ii |

49. **List – I (Type of Communication)** / **List – II (Method)**

a. Didactic — i. Internet
b. Socratic — ii. Body language
c. Non-verbal — iii. One way
d. Telecommuni-cation — iv. Two way

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | iii | iv | i | ii |

50. **List – I (Food Stuff)** / **List – II (Rich Source)**

a. Ground nut — i. Vit C
b. Ragi — ii. Iron
c. Indian Gooseberry — iii. Calcium
d. Garden cress seeds — iv. Niacin

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

45. **सूची – I (मिलेनियम स्वास्थ्य सम्बन्धी विकास-लक्ष्य संख्या)** **सूची – II (लक्ष्य)**

a. लक्ष्य-1 i. एच.आई.वी./एड्स के विरुद्ध संघर्ष

b. लक्ष्य-5 ii. पर्यावरणक स्थायित्व को यकीनी बनाना

c. लक्ष्य-6 iii. अत्यन्त निर्धनता एवं भूख को मिटाना

d. लक्ष्य-7 iv. मातृ-स्वास्थ्य में सुधार

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |

46. **सूची – I (मेंडिलियन रोग)** **सूची – II (वंशागति की विधि)**

a. एकांड्रोप्लाजिया i. यौन सम्बन्धी कम प्रभावी

b. रंजक हीनतावाद ii. अलिंगसूत्री कम प्रभावी

c. जी 6 पी.डी. की कमी iii. यौन सम्बन्धी प्रभावी

d. विटामिन डी प्रतिरोधी रिकेट्स iv. अलिंगसूत्री प्रभावी

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | ii | iv | iii | i |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

47. **सूची – I (स्क्रीनिंग टेस्ट के मापदण्ड)** **सूची – II (गुणवत्ता)**

a. संवेदनशीलता i. पूर्व-अनिदानित रोग का निदान

b. विशिष्टता ii. टेस्ट की निदान क्षमता

c. प्रागुक्तीय परिशुद्धता iii. सही नकारात्मकों का पता लगाने की क्षमता

d. प्राप्ति iv. सही सकारात्मकों का पता लगाने की क्षमता

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

48. **सूची – I (उपकरण)** **सूची – II (मापन)**

a. दोली साइक्रोमीटर i. विकिरण तापमान

b. काटा थर्मोमीटर ii. वायु वेग

c. ग्लोब थर्मोमीटर iii. आर्द्रता

d. अनिमोमीटर iv. ठण्डा करने की शक्ति

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iii | iv | i | ii |

49. **सूची – I (संचार का प्रकार)** **सूची – II (ढंग)**

a. शिक्षात्मक i. इण्टरनेट

b. संवादात्मक ii. आंगिक भाषा

c. अमौखिक iii. एक मार्गी

d. दूर-संचार iv. दो-मार्गी

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | iii | iv | i | ii |

50. **सूची – I (खाद्य पदार्थ)** **सूची – II (उत्कृष्ट स्त्रोत)**

a. मूँगफली i. विटामिन सी

b. रागी ii. लौह

c. भारतीय आँवला iii. कैल्सियम

d. आलिव (गार्डन क्रेस) iv. नियासीन

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in